कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत उसूर
जिला बीजापुर (छ.ग.)
विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण)
Email ID:- jpusoor.cg@gmail.com

——:: विज्ञापन ::——

क्रं /26/ / ज0पं0 / वीबी–जी राम जी / स्था. / 2026–27 उसूर, (आवापल्ली), दिनाँक06 / 11 / 2026

कार्यालय आयुक्त विकसित भारत–जी राम जी, तृतीय तल, विकास भवन, सेक्टर – 19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर छ0ग0 के पत्र क्रमांक I/610538/2026 / वि–7 / स्था. / VB-G RAM G / स्था. नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 01.09.2026 सह कार्यालय जिला पंचायत बीजापुर जिला बीजापुर छ0ग0 के पत्र क्रमांक I/359002/2026/VB-G RAM G / स्था. / बीजापुर दिनांक 08.09. 2026, एवं आयुक्त वीबी–जी राम जी, तृतीय तल, विकास भवन, सेक्टर – 19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर छ0ग0 के पत्र क्रमांक I/702461/2026 / स्था. / वि–7 / VB-G RAM G / स्था. नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 16.10.2026 सह कार्यालय जिला पंचायत बीजापुर जिला बीजापुर छ0ग0 के पत्र क्रमांक I/427924/2026/VB-G RAM G/ स्था. / 2026 बीजापुर दिनांक 23.10.2026 के तहत ग्राम रोजगार सहायक भर्ती हेतु प्राप्त निर्देशानुसार ग्राम रोजगार सहायक पद हेतु जनपद पंचायत उसूर मे रिक्त एवं नवीन पद पर मानदेय के तहत् नियुक्ति हेतु **ग्राम पंचायतों के मूल निवासियों से दिनांक 06 / 11 / 2026 से 30 / 11 / 2026 तक निर्धारित प्रारूप मे आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पूर्ण रूप से भरे गये आवेदन पत्र कार्यालयीन समय 10:00 बजे से 5:30 बजे तक कार्यालय जनपद पंचायत उसूर मे स्वयं या पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा किये जा सकते हैं।** निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

ग्राम रोजगार सहायक रिक्त पद हेतु ग्राम पंचायतों का विवरण :–

क्रमांक	ग्राम पंचायत का नाम	वर्ग		टिप्पणी
1	2	3	4	5
1	बासागुडा	अ.पि.व	मुक्त	संबंधित प्रत्येक ग्राम पंचायत मे एक–एक ग्राम रोजगार सहायक की भर्ती की जानी है।
2	चेरकडोडी	अ.ज.जा.	महिला	
3	चिन्नागेल्लूर	अ.ज.जा.	मुक्त	
4	चिपुरभट्टी	अ.जा.	मुक्त	
5	दारेली	अ.ज.जा.	महिला	
6	धरमारम	अ.ज.जा.	महिला	
7	गगनपल्ली	अ.ज.जा.	महिला	
8	कंचाल	अ.ज.जा	महिला	
9	कोण्डापल्ली	अ.ज.जा	मुक्त	
10	कोरसागुडा	अ.पि.व.	महिला	
11	लिंगागिरी	अ.ज.जा.	महिला	
12	मलेमपेंटा	अ.ज.जा	मुक्त	

Scanned with CamScanner

13	मलेपल्ली	अ.ज.जा	मुक्त
14	मारूढ़बाका	अ.जा.	मुक्त
15	मुरदण्डा	अ.ज.जा.	महिला
16	नेलाकांकेर	अ.पि.व.	मुक्त
17	पालागुडा	अ.ज.जा.	महिला
18	पोलमपल्ली	अनारक्षित	मुक्त
19	पुसबाका	अ.ज.जा.	महिला
20	संकनपल्ली	अ.पि.व.	मुक्त
21	तर्रेम	अ.ज.जा.	महिला
22	तिम्मापुर	अ.ज.जा.	मुक्त
23	उडतामल्ला	अ.ज.जा	मुक्त

शैक्षणिक योग्यता एवं एक मुश्त मासिक वेतन :–

पदनाम	निर्धारित शैक्षणिक अर्हता	मेरिट हेतु निर्धारित अंक		एक मुश्त मानदेय
		विवरण	अंक	
ग्राम रोजगार सहायक	12 वीं (अ.ज.जा. एवं अ. जा. हेतु 10वीं पास) संबंधित ग्राम पंचायत का निवासी। बस्तर एवं सरगुजा संभाग के लिए रोजगार सहायक पर शैक्षणिक अर्हता का प्राथमिकता क्रम– (1) 12 वीं उत्तीर्ण (2) 10 वीं उत्तीर्ण (3) 8 वीं उत्तीर्ण	न्युनतम शैक्षणित अर्हता मे प्राप्त अंकों का अधिभार	70	9960.00
		शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं मे कम से कम समान मानदेय पर कार्य का अनुभव पर 06 माह के लिये 05 अंक एवं 06 माह से अधिक पर प्रत्येक 06 माह के लिए 1 अंक के आधार पर अधिकतम 15 अंक।	15	
		मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा/सर्टिफिकेट– (डी.सी.ए. /पी.जी.डी.ए/आई.टी.आई कोपा) अथवा पंचायत सह डाटा एंट्री ऑपरेटर के पर पद कम से कम छः माह का अनुभव पर	15	

आवेदन के साथ संलग्न आवश्यक दस्तावेज :–

(1.) शैक्षणिक योग्यता संबंधित प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति।
(2.) आवेदक की आयु संबंधित प्रमाण पत्र (10वी अंकसूची की प्रति)।
(3.) निवास प्रमाण पत्र की प्रति।
(4.) जाति प्रमाण पत्र की प्रति।
(5.) जीवित रोजगार पंजीयन की प्रति।
(सभी आवश्यक दस्तावेज स्वयं प्रमाणित होना चाहिए।)

Scanned with CamScanner

नियम एवं शर्तेः–

1. संविदा भर्ती मे शासन के आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया है।
2. ग्राम रोजगार सहायक पदों की स्वीकृति अनुसार नियुक्त उम्मीदवार के कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 28.02.2027 तक लिए होगी, तत्पश्चात नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग के आवश्यकता के आधार पर व मानदेय नियुक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर आगे बढ़ाने का निर्णय लिया जा सकेगा। मानदेय नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर मानदेय नियुक्ति स्वयंमेय समाप्त मानी जावेगी।
3. आयु 01.01.2026 की स्थिति मे उम्मीदवार की आयु 18 वर्ष कम तथा 40 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए।
4. यह नियुक्त पूर्णतः अस्थाई होगी।
5. उक्त पद हेतु चयनित अभ्यर्थी का उसी ग्राम पंचायत का निवासी होना अनिवार्य है।
6. जिन ग्राम पंचायत मे पात्र अभ्यर्थी के आवेदन पत्र प्राप्त नही होने की स्थिति मे उनके स्थान पर उसी जनपद पंचायत से उसी वर्ग के अभ्यर्थी का मेरिट के अनुसार चयन कर नियुक्ति किया जावेगा।
7. दिव्यांग वर्ग के अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने पर अन्य प्रवर्ग से अभ्यर्थी लिये जा सकेंगे।
8. चूंकि उपरोक्त दर्शित पद मैदानी कार्यो के लिए है। अतः 100 प्रतिशत् दिव्यांग मान्य नहीं होगा।
9. अ.जा./अ.ज.जा. महिला अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने पर उसी वर्ग के पुरूष अभ्यर्थी को लिया जावेगा।
10. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति एवं निवास प्रमाण पत्र ही मान्य किये जावेंगे।
11. समस्त प्रमाण–पत्र तथा अंकसूची स्वयं प्रमाणित सत्यप्रति होना आवश्यक है। स्वयं प्रमाणित न होने की स्थिति मे आवेदन–पत्र स्वीकर नहीं किया जावेगा।
12. अनुभव प्रमाण–पत्र (आवेदित पद हेतु निर्धारित योग्यता से संबंधित हों) केवल शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं से कम से कम समान वेतनमान पद पर कार्य अनुभव ही मान्य किये जावेगा।
13. संविदा पत्र नियुक्त व्यक्ति छ0ग0 सिविल सेवा (आचरण नियम 1965) से शासित होंगे।
14. संविदा अवधि के दौरान दोनो पक्षों में से किसी एक पक्ष के द्वारा 01 माह पूर्व की सूचना या उसके एवज मे 01 माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
15. सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा अधिकारी/कर्मचारी के रूप दी गई सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार की पेंशन उपाधान या मृत्यु लाभ आदि की पात्रता नही होगी।
16. समान अंक पाने वाले अभ्यर्थियों की पारस्पारिक वरीयता उम्र के आधार पर निर्धारित की जावेगी, जिसके अनुसार अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी का चयन पहले किया जावेगा।
17. शासकीय संस्थाओं मे कार्यरत आवेदक द्वारा अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित, प्रस्तुत किया जावेगा।
18. ऐसे आवेदक जिन्हे पूर्व मे सेवा अनुशासनहीनता/अनुचित/व्यवहार/स्वेच्छाचाहिरता या अनिमितता के आधार पर छ0ग0 आजीविका संवर्धन समिति से अथवा अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा किसी भी पद से पृथक किया गया हों चयन के लिए पात्र नहीं होंगे। गलत जानकारी दिये जाने पर उम्मीदवारी निरस्त मानी जावेगी।
19. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन–पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा एवं उक्त संबंध को कोई सूचना नही दी जावेगी।

Scanned with CamScanner

20. आवेदक जिसके विवाह के लिए निर्धारित न्युनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नही होगा।

21. यदि आवेदक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियुक्ति प्रक्रिया मे किसी प्रकार व्यवधान उत्पन्न करता है या प्रभावित करने का कोशिश करता है, तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी।

22. संविदा नियुक्ति 1 वर्ष के लिए होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्य योग्यता/कार्यक्षमता वार्षिक कार्य मूल्यांकन एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि 1 वर्ष निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।

23. भर्ती प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद एवं समस्या को अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकारी जिला कलेक्टर महोदय को होगा।

24. निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप छांनबीन उपरांत अभ्यर्थी की सूची दावा–आपत्ति के लिए जनपद पंचायत उसूर के सूचना पटल पर चस्पा किया जावेगा।

25. आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालयीन समय पर जनपद पंचायत उसूर के सूचना पटल पर या www.bijapur.gov.in पर देखी जा सकेती है।

26. लिफाफे के ऊपर पदनाम, वर्ग जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है। एवं ग्राम पंचायत का नाम स्पष्ट उल्लेख किया जावे। अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार लिफाफे के ऊपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता लिखा जावे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत उसूर

पृ. क्रं 811/ज0पं0/ वीबी–जी रामजी/स्था0/2026–27 उसूर, (आवापल्ली) दिनांक06/11/2026

प्रतिलिपि :–

1. कलेक्टर महोदय एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक,(VB-G RAM G) प्रकोष्ठ बीजापुर, की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला–पंचायत बीजापुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) उसूर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
4. सहायक परियोजना अधिकारी,(VB-G RAM G) जिला–पंचायत बीजापुर की ओर सादर सूचनार्थ।
5. जिला जनसम्पर्क अधिकारी बीजापुर की ओर जिले में प्रकाशित समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ।
6. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी (डीआईओ) जिला कार्यालय बीजापुर की ओर उक्त विज्ञापन जिले के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
7. सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत..... को सूचनार्थ एवं प्रचार–प्रसार हेतु।
8. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत उसूर
6/11/26

Scanned with CamScanner

कार्यालय जनपद पंचायत उसूर जिला–बीजापुर

के लिए ग्राम पंचायत रोजगार सहायक पद हेतु आवेदन वर्ष 2026–27

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत उसूर (आवापल्ली)
जिला बीजापुर (छ0ग0)

ग्राम पंचायत का नाम :–.....

1. आवेदक का पूरा नाम :–.....
2. पिता/पति का नाम :–.....
3. जाति :–.....
   (अना0/अ0जा0/अ0ज0जा0/अ0पि0वर्ग)
4. जन्म तिथि (अंकों में) :–...../...../.....
   शब्दो में :–.....
5. आयु (01.01.2026 के अनुसार) :–दिन.....माह.....वर्ष.....
6. क्या आप विकलांग है। यदि हाँ तो :– हाँ/नही (.....) प्रकार (.....) प्रतिशत (.....)
   विकलांगता का प्रकार (अध एवं निम्न दृष्टि/बधिर
   और श्रवण शक्ति में ह्रास/बधिर) एवं प्रतिशत लिखे।
7. आवेदक का स्थायी पता (निवास प्रमाण
   पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।) :–.....
8. आवेदक का पत्र व्यवहार का पता :–.....
   :–.....
9. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन :–.....
   प्रमाण पत्र :– .....
   :–.....

10. शैक्षणिक योग्यता :–.....

क्र.	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	बोर्ड/वि0वि0का नाम	वर्ष	प्राप्तांक/पूर्णांक	प्रतिशत
1					
2					
3					
4					
5					
6					
7					

11. क्या दो से अधिक जीवित संतान है? जीवित संतान की संख्या (.....)
    हाँ/नही जन्म तिथि 1–(.....) 2–(.....) 3–(.....)

Scanned with CamScanner

12. अनुभवः– शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं का अनुभवः–

कमांक	संस्था का नाम	पद का नाम	अवधि (कब से कब तक)

टीपः– यदि वर्तमान में कॉलम नं 12 में दर्शित पदों पर कार्यरत है, तो नियुक्तिकर्ता अधिकारी का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र का प्रस्तुत करना होगा ।
प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही करने के संबंध में अनुभव का लाभ दिया जाना संभव नही होगा।

संलग्न प्रमाण पत्रो की सूची

1		2	
3		4	
5		6	
7		8	
9		10	
11		12	

(कुल सहपत्रों की संख्या.....)

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर

//घोषणा//

मै एतद् घोषण करता /करती हूँ कि मेरे द्वारा दिया गया उपर्युक्त विवरण सही है। यदि उपर्युक्त विवरण का कोई अंश असत्य पाया जाता है तो नियुक्ति के पश्चात भी सक्षम अधिकारी द्वारा मेरी सेवा समाप्त/नियुक्ति निरस्त किये जाने का अधिकार होगा अथवा मेरे विरूध्द किसी भी वैधानिक कार्यवाही के लिये मै स्वयं उत्तारदायी रहूंगा/रहूगी।

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर

स्थान :–.....
दिनॉक :–...../...../.....

Scanned with CamScanner